## Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025

| | |
|---|---|
| Exam Date | 20/02/2025 |
| Exam Time | 9:00 AM - 10:00 AM |
| Subject | Constable GD Examination 2025 |

Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**

**Q.1** सात व्यक्ति, G, H, I, J, K, L और M, एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। M और I के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। J के दाईं ओर केवल K बैठा है। I और J के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। G, L के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन H के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है।
H और L के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?


**Ans**
1. चार ✗
2. एक ✗
3. दो ✓
4. तीन ✗

**Q.2** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'KIXCUP' को '10' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'DZYM' को '8' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'RSAWYQI' के लिए कूट क्या होगा?


**Ans**
1. 11 ✓
2. 9 ✗
3. 13 ✗
4. 6 ✗


FREE! Download SSC CGL, CHSL E-BOOKS CLICK HERE


**Q.3** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।




**Ans**

✗ 1. 

✗ 2. 

✗ 3. 

✓ 4. 

**Q.4** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी बिन, टिन हैं।
कुछ पिन, फिन हैं।
सभी फिन, टिन हैं।

निष्कर्ष:
(I): सभी पिन, टिन हैं।
(II): कुछ बिन, फिन हैं।

**Ans**

✗ 1. निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

✗ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

✓ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

**Q.5** दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

120, 361, 1084, 3253, 9760, ?

**Ans**

✗ 1. 28281


✗ 2. 26281

✗ 3. 27281

✓ 4. 29281


FREE! Download SSC CGL, CHSL E-BOOKS CLICK HERE

**Q.6** एक कागज़ को नीचे दर्शाए अनुसार मोड़कर काटा जाता है। खोलने पर यह कैसा दिखाई देगा?




**Ans**


✗ 1.




✗ 2.



✓ 3.



✗ 4.



**Q.7** सात व्यक्ति E, F, G, H, K, L और N, एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। K के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। K और F के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E और H के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। H, K के ठीक बाईं ओर बैठा है। N, L के ठीक दाईं ओर बैठा है। G और L के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**

✗ 1. तीन

✓ 2. दो

✗ 3. चार

✗ 4. एक

**Q.8** उस अक्षर-संयोजन का चयन कीजिए, जिसे दी गई शृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखने पर शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।

_JDIF_EJGL_KHMG_ INH_

**Ans**

✓ 1. EKFLM


✗ 2. EIFKM

✗ 3. CIEKO

✗ 4. CKELO




**Q.9** उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति (X) निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।




(X)

**Ans**


✔ 1.




✗ 2.



✗ 3.



✗ 4.



**Q.10** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, MRCS एक निश्चित तरीके से PUFV से संबंधित है। उसी तरीके से, VOLG, YROJ से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, SHIM, दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

**Ans**

✗ 1. VLKP

✔ 2. VKLP

✗ 3. VELJ

✗ 4. VLEJ



**Q.11** एक निश्चित कूट भाषा में,

'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'P + Q – R ÷ S × T' है, तो उपरोक्त के आधार पर, P का T से क्या संबंध है?

**Ans**

✗ 1. पत्नी के पिता के भाई की पत्नी


✗ 2. पिता के भाई की पुत्री

✗ 3. पिता के भाई की पत्नी


✓ 4. पत्नी के पिता के भाई की पुत्री


FREE! Download SSC CGL, CHSL E-BOOKS CLICK HERE


Q.12 कागज़ की एक वर्गाकार शीट को दर्शाई गई दिशाओं में बिंदुदार रेखा के अनुदिश क्रमशः मोड़ा जाता है और अंतिम बार मोड़ने के बाद फिर इसमें छेद (punch) किया जाता है। खोले जाने पर यह कागज़ कैसा दिखाई देगा?




Ans

✗ 1. 

✗ 2. 

✗ 3. 

✓ 4. 

Q.13 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

ICD MGH QKL UOP ?

Ans

✗ 1. VRQ

✓ 2. YST

✗ 3. NOP

✗ 4. NPO

FREE! Download SSC CGL, CHSL E-BOOKS CLICK HERE

Q.14 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

21 75 120 156 183 ?

Ans
1. 226
2. 201
3. 213
4. 219

Q.15 यदि शब्द DELIGHT के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
1. तीन
2. एक
3. दो
4. चार

Q.16 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. JRZ
2. IOY
3. NVD
4. PXF

Q.17 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'RUST' को '8264' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'TURN' को '2843' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'S' को किस प्रकार कूट बद्ध किया जाएगा?

Ans
1. 6
2. 4
3. 2
4. 8

Q.18 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर RFTQ एक निश्चित प्रकार से VKXV से संबंधित है। DNPJ ठीक उसी प्रकार HSTO से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए HLXB दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. NOQX
2. LQBG
3. LEPV
4. EOLA

Q.19 यदि '−' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '+' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न '(?)' के स्थान पर क्या आएगा?

9 + 56 − 8 × 4 ÷ 9 = ?

Ans
1. 56
2. 57
3. 58
4. 59


FREE! Download SSC CGL, CHSL E-BOOKS CLICK HERE

**Q.20** उस वेन आरेख का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध को सबसे अच्छी तरह दर्शाता है।


राजा, रानी, पिता

**Ans**


✗ 1.




✗ 2.



✗ 3.



✓ 4.



Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

**Q.1** मोहिनीअट्टम शास्त्रीय नृत्य शैली निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य से संबंधित है?

**Ans**

✗ 1. कर्नाटक

✓ 2. केरल

✗ 3. महाराष्ट्र

✗ 4. आंध्र प्रदेश

**Q.2** फिल्म 'स्लमडॉग मिलियनेयर' के लिए गीतों के भारतीय संगीतकार का नाम बताइए।

**Ans**

✗ 1. अमित त्रिवेदी

✓ 2. एआर रहमान

✗ 3. संतोष नारायणन

✗ 4. प्रीतम चक्रबर्ती

**Q.3** भारत सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना किस वर्ष शुरू की गई थी?

**Ans**

✗ 1. 2019

✗ 2. 2017

✗ 3. 2018

✓ 4. 2020

FREE! Download SSC CGL, CHSL E-BOOKS CLICK HERE

**Q.4** कोणार्क उत्सव निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. केरल
- ✗ 2. आंध्र प्रदेश
- ✓ 3. ओडिशा
- ✗ 4. मणिपुर

**Q.5** तत्व, यौगिक और समांगी मिश्रण के क्रमानुसार एक के बाद एक रखते हुए पदार्थों के सही क्रम का चयन कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. पारा, लौह और तनुकृत अम्ल
- ✗ 2. लवण, लौह और समुद्री जल
- ✓ 3. लौह, मेथेन और समुद्री जल
- ✗ 4. पारा, लवण और दूध

**Q.6** भारतीय स्रोतों में किस ईरानी मूल के समूह को शक-पहलव (Shaka-Pahlava) के नाम से जाना जाता था?

**Ans**
- ✓ 1. पार्थियन
- ✗ 2. इंडो-यूनानी
- ✗ 3. कुषाण
- ✗ 4. शक

**Q.7** अक्टूबर 2024 में, दादा साहब फाल्के पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया?

**Ans**
- ✓ 1. मिथुन चक्रवर्ती
- ✗ 2. रजनीकांत
- ✗ 3. अमिताभ बच्चन
- ✗ 4. शाहरुख खान

**Q.8** 2018 में किस टूर्नामेंट में नीरज चोपड़ा स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रथम भारतीय भाला फेंक (javelin thrower) खिलाड़ी बने?

**Ans**
- ✗ 1. एशियाई अंडर20 चैंपियनशिप
- ✓ 2. एशियाई खेल
- ✗ 3. ओलंपिक खेल
- ✗ 4. विश्व चैंपियनशिप

**Q.9** 2002 में पद्म श्री और 2013 में पद्म भूषण से सम्मानित सरोजा वैद्यनाथन किस शास्त्रीय नृत्य शैली की नृत्यांगना हैं?

**Ans**
- ✗ 1. कथक
- ✗ 2. मणिपुरी
- ✓ 3. भरतनाट्यम
- ✗ 4. ओडिसी

**Q.10** सितंबर 2024 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीएम मोदी के प्रधान सचिव कौन हैं?

**Ans**
- ✗ 1. शिवशंकर मेनन
- ✗ 2. मनोज गुप्ता
- ✗ 3. कटारगामा मेनन
- ✓ 4. पी.के. मिश्रा

**Q.11** 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का बाल लिंगानुपात कितना था?

**Ans**
- ✗ 1. 945
- ✗ 2. 927
- ✗ 3. 940
- ✓ 4. 919

FREE! Download SSC CGL, CHSL E-BOOKS CLICK HERE

**Q.12** इंडियन फाइनेंशियल सिस्टम कोड (Indian Financial System Code - IFSC), __________ कैरेक्टर वाला एक कोड है जो उस बैंक और शाखा की पहचान करता है जिसमें आपका खाता है।

**Ans**
- ✗ 1. तेरह
- ✓ 2. ग्यारह
- ✗ 3. आठ
- ✗ 4. पंद्रह

**Q.13** निम्नलिखित में से किसने अभिनव भारत मंदिर (यंग इंडिया सोसाइटी) की स्थापना की?

**Ans**
- ✗ 1. बीआर अंबेडकर और सी राजगोपालाचारी
- ✓ 2. विनायक दामोदर सावरकर और गणेश दामोदर सावरकर
- ✗ 3. अरबिंदो घोष और दादाभाई नौरोजी
- ✗ 4. मोतीलाल नेहरू और सीआर दास

**Q.14** पारिस्थितिक आवास (ecological niche) की अवधारणा क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. पारिस्थितिक आवास किसी प्रजाति के भीतर आनुवांशिक विविधता को संदर्भित करता है।
- ✗ 2. पारिस्थितिक आवास एक प्रजाति द्वारा आच्छादित भौतिक स्थान को संदर्भित करता है।
- ✓ 3. पारिस्थितिक आवास, किसी पारिस्थितिकी तंत्र में किसी प्रजाति की विशिष्ट भूमिका को संदर्भित करता है।
- ✗ 4. पारिस्थितिक आवास पूर्णतः किसी जीव के आवास द्वारा निर्धारित होता है।

**Q.15** गाडगिल सूत्र (Gadgil formula) का संबंध _______ से है।

**Ans**
- ✗ 1. सब्सिडी के वितरण
- ✗ 2. विदेशी निवेशों के वितरण
- ✗ 3. राज्यों को प्राकृतिक संसाधनों के वितरण
- ✓ 4. राज्यों के बीच केंद्रीय सहायता के वितरण

**Q.16** निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य भारत को आत्मनिर्भर बनाना तथा बाह्य आक्रमण व आर्थिक बाधाओं के कारण 'रक्षा और विकास' पर ध्यान केंद्रित करना था?

**Ans**
- ✗ 1. छठी योजना
- ✗ 2. चौथी योजना
- ✓ 3. तीसरी योजना
- ✗ 4. सातवीं योजना

**Q.17** सिन्धु नदी भारत में कहाँ से प्रवेश करती है?

**Ans**
- ✓ 1. लद्दाख
- ✗ 2. गिलगित
- ✗ 3. यह भारत में नहीं बहती है।
- ✗ 4. कश्मीर घाटी

**Q.18** भारतीय संविधान के अनुसार, भारत के निर्वाचन आयुक्त का अधिकतम कार्यकाल कितना होता है?

**Ans**
- ✗ 1. आठ वर्ष
- ✗ 2. पाँच वर्ष
- ✓ 3. छह वर्ष
- ✗ 4. तीन वर्ष

**Q.19** भारतीय संविधान के किन अनुच्छेदों के अंतर्गत मौलिक अधिकार निहित हैं?

**Ans**
- ✗ 1. अनुच्छेद 10-32
- ✗ 2. अनुच्छेद 14-24
- ✗ 3. अनुच्छेद 18-45
- ✓ 4. अनुच्छेद 12-35

FREE! Download SSC CGL, CHSL E-BOOKS CLICK HERE

Q.20 निम्नलिखित में से किस देश ने महिला वर्ग में चौथी एशियाई खो-खो चैम्पियनशिप 2023 प्रतियोगिता जीती?

Ans
✗ 1. ईरान
✗ 2. इंडोनेशिया
✓ 3. भारत
✗ 4. दक्षिण कोरिया

Section : **Part-C-Elementary Mathematics**

Q.1 कंचन ने एक अंगूठी खरीदी और उसे 5% लाभ पर मोहन को बेच दी। मोहन ने इसे 25% हानि पर प्रमोद को बेच दिया। यदि प्रमोद ने ₹3150 का भुगतान किया, तो कंचन द्वारा खरीदी गई अंगूठी का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 3750
✓ 2. 4000
✗ 3. 4150
✗ 4. 3800

Q.2 रॉडनी के दो पोते अमित और गोपाल हैं। 11 वर्षीय अमित को रॉडनी की संपत्ति से कुछ धनराशि मिलती है और 12 वर्षीय गोपाल को बाकी धनराशि मिलती है। लेकिन अमित और गोपाल को धनराशि तभी मिलेगी जब वे 23 वर्ष के हो जाएंगे। तब तक धनराशि बैंक में जमा रहेगी और उस पर वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित 10% वार्षिक दर पर ब्याज मिलेगा। जब दोनों 23 वर्ष के हो जाते हैं, तो उन्हें समान धनराशि मिलती है। यदि रॉडनी के पास कुल धनराशि ₹23100 थी, तो रॉडनी ने गोपाल को शुरुआत में कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans
✗ 1. 12450
✗ 2. 11000
✗ 3. 10750
✓ 4. 12100

Q.3 40, 20, 195 और 160 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 6169
✓ 2. 6240
✗ 3. 6319
✗ 4. 6219

Q.4 किसी मूलधन पर 2% की वार्षिक दर से 5 वर्ष की अवधि के लिए साधारण ब्याज ₹177 है। मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 1770
✗ 2. 1773
✗ 3. 1764
✗ 4. 1771

Q.5 5.76 और 0.88 का माध्यानुपात (mean proportion) ज्ञात कीजिए। (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित)

Ans
✗ 1. 2.54
✗ 2. 2.85
✗ 3. 2.34
✓ 4. 2.25

FREE! Download SSC CGL, CHSL E-BOOKS CLICK HERE

**Q.6** एक पाइप एक पानी की टंकी को 36 मिनट में भर सकता है, और दूसरा पाइप इसे 48 मिनट में भर सकता है, लेकिन एक तीसरा पाइप उसे 18 मिनट में खाली कर सकता है। पहले दो पाइपों को शुरू में 16 मिनट के लिए खुला रखा जाता है, और फिर तीसरा पाइप भी खोल दिया जाता है। टंकी को खाली करने में कितना समय लगेगा?

**Ans**
- ✔ 1. 112 मिनट
- ✘ 2. 85 मिनट
- ✘ 3. 120 मिनट
- ✘ 4. 98 मिनट

**Q.7** किसी टीवी चैनल पर विज्ञापन की कीमत, विज्ञापन की अवधि के अनुक्रमानुपाती होती है। यदि 20 सेकंड के विज्ञापन की कीमत ₹1,25,000 है, तो 25 सेकंड के विज्ञापन की कीमत ₹________ होगी।

**Ans**
- ✘ 1. 1,65,250
- ✘ 2. 1,62,550
- ✔ 3. 1,56,250
- ✘ 4. 1,55,620

**Q.8** 5000 और 5500 के बीच वह सबसे बड़ी संख्या कौन-सी है जिसे 12, 16 और 24 से भाग देने पर शेषफल 9 बचे?

**Ans**
- ✔ 1. 5481
- ✘ 2. 5814
- ✘ 3. 5148
- ✘ 4. 5184

**Q.9** किसी वस्तु का अंकित मूल्य, उसके क्रय मूल्य से 30% अधिक है, और उस वस्तु को अंकित मूल्य से 10% कम पर बेचा जाता है। लाभ प्रतिशत क्या है?

**Ans**
- ✘ 1. 15%
- ✘ 2. 13%
- ✘ 3. 19%
- ✔ 4. 17%

**Q.10** पेट्रोल के मूल्य में (प्रति लीटर) 80% की वृद्धि होती है। इसकी खपत में कितने प्रतिशत की कमी कर दी जाए कि इस पर होने वाले व्यय में केवल 17% की वृद्धि हो?

**Ans**
- ✘ 1. 66%
- ✔ 2. 35%
- ✘ 3. 65%
- ✘ 4. 48%

**Q.11** उस बेलन का आयतन ज्ञात कीजिए जिसके आधार की त्रिज्या 7 cm और ऊँचाई 10.2 cm है। ( $\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

**Ans**
- ✘ 1. 1572.8 $cm^3$
- ✔ 2. 1570.8 $cm^3$
- ✘ 3. 1573.8 $cm^3$
- ✘ 4. 1571.8 $cm^3$

**Q.12** वीर के पास ₹1617 हैं। उसने इसे अपने पुत्रों नितिन और प्रवीण के बीच बांट दिया तथा उन्हें इसे वार्षिक रूप से चक्रवृद्धि होने वाले 10% ब्याज दर पर निवेश करने को कहा। यह देखा गया कि नितिन और प्रवीण को क्रमशः 16 और 17 वर्ष बाद समान धनराशि प्राप्त हुई। वीर ने नितिन को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

**Ans**
- ✘ 1. 697
- ✔ 2. 847
- ✘ 3. 870
- ✘ 4. 770

FREE! Download SSC CGL, CHSL E-BOOKS CLICK HERE

Q.13 मूल्यांकन कीजिए : 32 ÷ 8 × 3 - 3 × 4

Ans
- ✗ 1. 2
- ✓ 2. 0
- ✗ 3. -1
- ✗ 4. 3

Q.14 रवि शहर A से शहर B तक यात्रा करता है। यदि रवि अपनी कार को अपनी सामान्य चाल की $\frac{2}{3}$ चाल पर चलाता है, तो वह शहर B तक 47 मिनट देरी से पहुंचता है। यदि रवि अपनी कार सामान्य चाल से चलाता, तो शहर A से शहर B तक यात्रा करने में उसे कितना समय (मिनट में) लगता?

Ans
- ✗ 1. 100
- ✗ 2. 102
- ✗ 3. 84
- ✓ 4. 94

Q.15 42, 36, 312 और 126 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 6552
- ✗ 2. 6587
- ✗ 3. 6616
- ✗ 4. 6520

Q.16 पहली और दूसरी संख्या, तीसरी संख्या से क्रमशः 35% और 45% कम है। दूसरी संख्या, पहली संख्या का कितना प्रतिशत है?

Ans
- ✗ 1. $64\frac{7}{12}\%$
- ✗ 2. $68\frac{9}{16}\%$
- ✗ 3. $79\frac{2}{19}\%$
- ✓ 4. $84\frac{8}{13}\%$

Q.17 एक बस 30 km की दूरी 45 मिनट में तय करती है और आगे वह पहले तय की गई दूरी की दोगुनी दूरी, 60 मिनट में तय करती है। बस की औसत चाल ______ km/hr है (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित)।

Ans
- ✗ 1. 54.31
- ✗ 2. 55.41
- ✗ 3. 53.14
- ✓ 4. 51.43

Q.18 मुकुंद, सचिन और चेतन का औसत वज़न 46 kg है। यदि मुकुंद और सचिन का औसत वज़न 39 kg है और सचिन और चेतन का औसत वज़न 45 kg है, तो सचिन का वज़न (kg में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 30
- ✗ 2. 50
- ✗ 3. 40
- ✗ 4. 45

FREE! Download SSC CGL, CHSL E-BOOKS CLICK HERE

**Q.19** एक खुदरा विक्रेता एक छूट स्कीम के तहत ग्राहकों को ₹1,000 से ₹5,000 के बीच की खरीद पर 10% की छूट तथा ₹5,000 से अधिक की खरीद पर 20% की छूट प्रदान करता है। यदि कोई ग्राहक ₹6,000 मूल्य का सामान खरीदता है, तो मूल कीमत की तुलना में उसकी बचत कितनी (₹ में) होगी?

**Ans**
- ✗ 1. 1,100
- ✗ 2. 1,300
- ✓ 3. 1,200
- ✗ 4. 1,000

**Q.20** एक समूह में, पांच व्यक्तियों के वेतन क्रमशः ₹15,000, ₹25,000, ₹30,000, ₹12,000 और ₹18,000 हैं। समूह के प्रति व्यक्ति का औसत वेतन (₹ में) कितना होगा?

**Ans**
- ✓ 1. 20,000
- ✗ 2. 19,000
- ✗ 3. 18,000
- ✗ 4. 21,000

Section : **Part-D-English**

**Q.1** Select the most appropriate synonym of the given word.

Rudimentary

**Ans**
- ✗ 1. Complex
- ✗ 2. Intricate
- ✗ 3. Advanced
- ✓ 4. Elementary

**Q.2** Select the INCORRECTLY spelt word.

**Ans**
- ✓ 1. Allegience
- ✗ 2. Adherence
- ✗ 3. Reverence
- ✗ 4. Subservience

**Q.3** Select the INCORRECTLY spelt word from the given options.

**Ans**
- ✓ 1. Begining
- ✗ 2. Bough
- ✗ 3. Barrister
- ✗ 4. Battery

**Q.4** Select the most appropriate synonym of the word in the brackets to fill in the blank.

Jintu is such a _______________(funny) person.

**Ans**
- ✗ 1. cold
- ✗ 2. bad
- ✓ 3. humorous
- ✗ 4. tall

**Q.5** Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Strategic

**Ans**
- ✗ 1. Wise
- ✓ 2. Trivial
- ✗ 3. Cruel
- ✗ 4. Hazy

FREE! Download SSC CGL, CHSL E-BOOKS CLICK HERE

**Q.6** Select the most appropriate synonym of the given word.

Luxuriant

**Ans**
1. Lush ✔
2. Bleak ✘
3. Barren ✘
4. Leafless ✘

**Q.7** Select the most appropriate option to fill in the blank.

Throughout our day-to-day interactions, there are _______ when we might choose to keep certain information to ourselves.

**Ans**
1. anytime ✘
2. times ✔
3. sometimes ✘
4. timings ✘

**Q.8** Select the most appropriate idiom that can substitute the highlighted segment in the given sentence.
She was feeling under the weather, so she decided to go to bed in order to sleep.

**Ans**
1. cry over spilled milk ✘
2. hit the sack ✔
3. break a leg ✘
4. bark up the wrong tree ✘

**Q.9** Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Capable

**Ans**
1. Troublesome ✘
2. Incompetent ✔
3. Garrulous ✘
4. Considerate ✘

**Q.10** Select the most appropriate option to fill in the blank.

Despite initial problems, the plan has been a ______ success.

**Ans**
1. cracking ✘
2. roaring ✔
3. sounding ✘
4. loud ✘

**Q.11** Select the most appropriate option that can substitute the highlighted word segment in the given sentence. If the sentence is grammatically correct, select 'No correction'.

The report has written by the analyst.

**Ans**
1. was writing ✘
2. No correction ✘
3. was written ✔
4. written ✘

FREE! Download SSC CGL, CHSL E-BOOKS CLICK HERE

**Q.12** **The given sentence is divided into four segments. Select the option that has the segment with an adverbial usage error.**

**On the occasion of Teacher’s Day, / the students of the community school / light applauded the performance / of the teachers.**

Ans
✔ 1. light applauded the performance
✘ 2. the students of the community school
✘ 3. of the teachers.
✘ 4. On the occasion of Teacher’s Day,

**Q.13** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**(A) The dog barked loudly at the stranger, / (B) standing protective / (C) in front of its owner / (D) and alerting everyone in the vicinity.**

Ans
✘ 1. D
✔ 2. B
✘ 3. C
✘ 4. A

**Q.14** **Select the most appropriate option to fill in the blanks.**

**The new smartphone had a (1)____ design, responsive (2)____, and impressive camera, making it one of the most (3)____ gadgets in the market.**

Ans
✘ 1. (1) interface ; (2) sleek ; (3) sought-after
✘ 2. (1) sought-after ; (2) sleek ; (3) interface
✔ 3. (1) sleek ; (2) interface ; (3) sought-after
✘ 4. (1) interface ; (2) sought-after ; (3) sleek

**Q.15** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**I will never forget the feeling of receiving a prestigious award, with my parents sitting among the audience and jostling with their emotion.**

Ans
✘ 1. hiding their nervousness
✘ 2. pray for me
✔ 3. applauding my success
✘ 4. supporting my fear

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and answer the questions that follow to select the most appropriate option to fill in each blank.

The impact of climate change on global agriculture is (1) _____ concern among scientists and policymakers. Rising temperatures and unpredictable weather patterns (2) _____ crop yields and food security. Droughts and floods, which are becoming increasingly frequent due to climate variability, (3) _____ the agricultural output in many regions. Consequently, farmers (4) _____ innovative strategies and technologies to (5) _____ their resilience to these changes.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

Ans
✔ 1. an increasing
✘ 2. a stable
✘ 3. an irrelevant
✘ 4. a decreasing

FREE! Download SSC CGL, CHSL E-BOOKS CLICK HERE

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and answer the questions that follow to select the most appropriate option to fill in each blank.

The impact of climate change on global agriculture is (1) _____ concern among scientists and policymakers. Rising temperatures and unpredictable weather patterns (2) _____ crop yields and food security. Droughts and floods, which are becoming increasingly frequent due to climate variability, (3) _____ the agricultural output in many regions. Consequently, farmers (4) _____ innovative strategies and technologies to (5) _____ their resilience to these changes.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17 Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans**

✓ 1. jeopardise

✗ 2. enhance

✗ 3. stabilise

✗ 4. promote

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and answer the questions that follow to select the most appropriate option to fill in each blank.

The impact of climate change on global agriculture is (1) _____ concern among scientists and policymakers. Rising temperatures and unpredictable weather patterns (2) _____ crop yields and food security. Droughts and floods, which are becoming increasingly frequent due to climate variability, (3) _____ the agricultural output in many regions. Consequently, farmers (4) _____ innovative strategies and technologies to (5) _____ their resilience to these changes.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18 Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans**

✗ 1. bolster

✓ 2. diminish

✗ 3. increase

✗ 4. augment

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and answer the questions that follow to select the most appropriate option to fill in each blank.

The impact of climate change on global agriculture is (1) _____ concern among scientists and policymakers. Rising temperatures and unpredictable weather patterns (2) _____ crop yields and food security. Droughts and floods, which are becoming increasingly frequent due to climate variability, (3) _____ the agricultural output in many regions. Consequently, farmers (4) _____ innovative strategies and technologies to (5) _____ their resilience to these changes.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19 Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans**

✗ 1. employs

✗ 2. employed

✓ 3. employ

✗ 4. employing

FREE! Download SSC CGL, CHSL E-BOOKS CLICK HERE

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and answer the questions that follow to select the most appropriate option to fill in each blank.

The impact of climate change on global agriculture is (1) _____ concern among scientists and policymakers. Rising temperatures and unpredictable weather patterns (2) _____ crop yields and food security. Droughts and floods, which are becoming increasingly frequent due to climate variability, (3) _____ the agricultural output in many regions. Consequently, farmers (4) _____ innovative strategies and technologies to (5) _____ their resilience to these changes.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans**
✗ 1. accept
✓ 2. enhance
✗ 3. reduce
✗ 4. compromise

Section : **Part-D-Hindi**

**Q.1** **निम्नलिखित वाक्य के किस खंड में अशुद्धि है?**

**सांस्कृतिक जागृति के बाद राष्ट्रिय जागृति आती है।**

**Ans**
✓ 1. राष्ट्रिय
✗ 2. सांस्कृतिक
✗ 3. आती
✗ 4. जागृति

**Q.2** **मुहावरे और उसके अर्थ के लिए सही विकल्प चुनें।**
**अकड़ दिखाना**

**Ans**
✓ 1. घमंड करना
✗ 2. घमंड कराना
✗ 3. अकड़ कर खड़े रहना
✗ 4. शरीर कड़ा करना

**Q.3** **'अंक' शब्द का अनेकार्थी निम्न में से कौन सा असंगत है ?**

**Ans**
✗ 1. गोद
✗ 2. नाटक का भाग
✓ 3. धागा
✗ 4. संख्या

**Q.4** **दिए गए वाक्य में शब्द या वाक्य खण्ड को बदलिए।**

**मैं गाने का कसरत कर रहा हूँ।**

**Ans**
✗ 1. मैं गाने का ही कसरत करता हूँ।
✗ 2. मैं गाने की कसरत कर रहा हूँ।
✓ 3. मैं गाने का अभ्यास कर रहा हूँ।
✗ 4. मैं गाना का कसरत ही कर रहा हूँ।

**Q.5** **निम्नलिखित वाक्य को विदेशज शब्द के माध्यम से पूर्ण करें।**

**__________ साहब ने सभी हवलदारों की अच्छी परेड करवाई।**

**Ans**
✗ 1. पट्टिका
✗ 2. आश्विन
✓ 3. कमिश्नर
✗ 4. अक्षवाट

FREE! Download SSC CGL, CHSL E-BOOKS CLICK HERE

**Q.6** 'नीरद' पर्याय है-

**Ans**

✔ 1. बादल का

✘ 2. विष्णु का

✘ 3. कमल का

✘ 4. सरस्वती का

**Q.7** यह नाटक बहुत अच्छे है। - पुल्लिंग की दृष्टि से वाक्य का शुद्ध रूप है-

**Ans**

✘ 1. यह नाटक बहुत अच्छी है।

✘ 2. नाटक अच्छा हो सकता है।

✘ 3. यह नाटक अच्छा था।

✔ 4. यह नाटक बहुत अच्छा है।

**Q.8** रेखांकित शब्द के विलोम से दिया गया वाक्य पूर्ण करें-

<u>निर्मल</u> हृदय में ही ईश्वर का वास होता है ______ हृदय में तो शैतान ही बसता है।

**Ans**

✘ 1. निष्ठुर

✔ 2. मलिन

✘ 3. अस्वच्छ

✘ 4. कुटिल

**Q.9** यह झील <u>प्राकृतिक</u> है।

रेखांकित शब्द के उचित विलोम शब्द का चयन कीजिए।

**Ans**

✔ 1. कृत्रिम

✘ 2. बनावटी

✘ 3. विलुप्त

✘ 4. गैरप्राकृतिक

**Q.10** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद के बदले कौन सा विकल्प उपयुक्त होगा?
बूढ़ी काकी जूठी पत्तलों को <u>खाने</u> लगी।

**Ans**

✘ 1. चबाने

✘ 2. देखने

✔ 3. चाटने

✘ 4. निगलने

**Q.11** 'जब मदारी डमरू बजा रहा था तब बन्दर नाच रहा था|' निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन सा एक उचित संयुक्त वाक्य होगा?

**Ans**

✘ 1. मदारी डमरू बजा रहा था बन्दर नाच रहा था|

✔ 2. जब मदारी डमरू बजा रहा था और बन्दर नाच रहा था|

✘ 3. बन्दर नाच रहा था, मदारी डमरू बजा रहा था |

✘ 4. जब मदारी के डमरू पर बन्दर नाच रहा था|

**Q.12** वर्तनी की दृष्टि से दिए गए वाक्य के त्रुटि वाले अंश को पहचानें—

तूफानी बारिश के कारण गाँववाले अनिष्ठ की आशंका से काँप उठे।

**Ans**

✘ 1. से काँप उठे।

✔ 2. अनिष्ठ की आशंका

✘ 3. के कारण गाँववाले

✘ 4. तूफानी बारिश

FREE! Download SSC CGL, CHSL E-BOOKS CLICK HERE

**Q.13** **लिंग- निर्णय की दृष्टि से, निम्नलिखित में से किस द्रव का नाम स्त्रीलिंग में होता है?**

**Ans**
- ✗ 1. मट्ठा
- ✗ 2. शरबत
- ✓ 3. लस्सी
- ✗ 4. पानी

**Q.14** **इनमें से 'संकीर्ण' का विलोम शब्द कौन-सा है?**

**Ans**
- ✗ 1. प्रकीर्ण
- ✗ 2. विकिरण
- ✓ 3. विस्तीर्ण
- ✗ 4. अवतीर्ण

**Q.15** **'पितृश्वसा' का उचित तद्भव रूप चुनकर वाक्य पूर्ण करें-**
**यह उसकी ________ है।**

**Ans**
- ✗ 1. मौसी
- ✓ 2. बुआ
- ✗ 3. परछाईं
- ✗ 4. पतोहू

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें
महाराज शांतनु का सत्यवती से ____ हुआ और उससे उनके दो पुत्र हुए चित्रांगद और विचित्रवीर्य। चित्रांगद नि:संतान मरे और विचित्रवीर्य को धृतराष्ट्र और पांडु नामक दो पुत्र उत्पन्न हुए। धृतराष्ट्र जन्मांध थे अत: राज्यगद्दी पांडु को प्राप्त हुई। धृतराष्ट्र के सौ पुत्र हुए जिनमें _____ सबसे बड़ा था। पांडु के क्रमश: युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव पांच पुत्र हुए। धृतराष्ट्र के पुत्र ____ तथा पांडु के पुत्र पांडव कहे जाते थे। अर्जुन _____ में, भीम मल्लयुद्ध में अद्वितीय थे। दुर्योधन पांडवों से ईर्ष्या रखता था। भीष्म ने इन राजकुमारों की शिक्षा-दीक्षा का उचित प्रबंध किया था। ____ उनके पितामह लगते थे।

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **महाराज शांतनु का सत्यवती से ____ हुआ।**
**गद्यांश की पंक्ति में रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उपयुक्त शब्द होगा-**

**Ans**
- ✗ 1. समझौता
- ✗ 2. युद्ध
- ✗ 3. संघर्ष
- ✓ 4. विवाह

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें
महाराज शांतनु का सत्यवती से ____ हुआ और उससे उनके दो पुत्र हुए चित्रांगद और विचित्रवीर्य। चित्रांगद नि:संतान मरे और विचित्रवीर्य को धृतराष्ट्र और पांडु नामक दो पुत्र उत्पन्न हुए। धृतराष्ट्र जन्मांध थे अत: राज्यगद्दी पांडु को प्राप्त हुई। धृतराष्ट्र के सौ पुत्र हुए जिनमें _____ सबसे बड़ा था। पांडु के क्रमश: युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव पांच पुत्र हुए। धृतराष्ट्र के पुत्र ____ तथा पांडु के पुत्र पांडव कहे जाते थे। अर्जुन _____ में, भीम मल्लयुद्ध में अद्वितीय थे। दुर्योधन पांडवों से ईर्ष्या रखता था। भीष्म ने इन राजकुमारों की शिक्षा-दीक्षा का उचित प्रबंध किया था। ____ उनके पितामह लगते थे।

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **धृतराष्ट्र के सौ पुत्र हुए जिनमें ____ सबसे बड़ा था।**
**गद्यांश की पंक्ति में रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उपयुक्त शब्द होगा-**

**Ans**
- ✗ 1. युधिष्ठिर
- ✓ 2. दुर्योधन
- ✗ 3. दुशासन
- ✗ 4. कर्ण

FREE! Download SSC CGL, CHSL E-BOOKS CLICK HERE

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें
महाराज शांतनु का सत्यवती से ____ हुआ और उससे उनके दो पुत्र हुए चित्रांगद और विचित्रवीर्य| चित्रांगद नि:संतान मरे और विचित्रवीर्य को धृतराष्ट्र और पांडु नामक दो पुत्र उत्पन्न हुए| धृतराष्ट्र जन्मांध थे अत: राज्यगद्दी पांडु को प्राप्त हुई| धृतराष्ट्र के सौ पुत्र हुए जिनमें _____ सबसे बड़ा था| पांडु के क्रमशः युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव पांच पुत्र हुए| धृतराष्ट्र के पुत्र ____ तथा पांडु के पुत्र पांडव कहे जाते थे| अर्जुन _____ में, भीम मल्लयुद्ध में अद्वितीय थे| दुर्योधन पांडवों से ईर्ष्या रखता था| भीष्म ने इन राजकुमारों की शिक्षा-दीक्षा का उचित प्रबंध किया था| ____ उनके पितामह लगते थे|

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **धृतराष्ट्र के पुत्र ____ तथा पांडु के पुत्र पांडव कहे जाते थे|**
**गद्यांश की पंक्ति में रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उपयुक्त शब्द होगा-**

**Ans**

✔ 1. कौरव

✘ 2. यदु

✘ 3. वसु

✘ 4. गौरव

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें
महाराज शांतनु का सत्यवती से ____ हुआ और उससे उनके दो पुत्र हुए चित्रांगद और विचित्रवीर्य| चित्रांगद नि:संतान मरे और विचित्रवीर्य को धृतराष्ट्र और पांडु नामक दो पुत्र उत्पन्न हुए| धृतराष्ट्र जन्मांध थे अत: राज्यगद्दी पांडु को प्राप्त हुई| धृतराष्ट्र के सौ पुत्र हुए जिनमें _____ सबसे बड़ा था| पांडु के क्रमशः युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव पांच पुत्र हुए| धृतराष्ट्र के पुत्र ____ तथा पांडु के पुत्र पांडव कहे जाते थे| अर्जुन _____ में, भीम मल्लयुद्ध में अद्वितीय थे| दुर्योधन पांडवों से ईर्ष्या रखता था| भीष्म ने इन राजकुमारों की शिक्षा-दीक्षा का उचित प्रबंध किया था| ____ उनके पितामह लगते थे|

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **अर्जुन ____ में, भीम मल्लयुद्ध में अद्वितीय थे|**
**गद्यांश की पंक्ति में रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उपयुक्त शब्द होगा-**

**Ans**

✘ 1. द्वंद्व युद्ध

✘ 2. गदा युद्ध

✔ 3. धनुर्विद्या

✘ 4. तलवारबाजी

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें
महाराज शांतनु का सत्यवती से ____ हुआ और उससे उनके दो पुत्र हुए चित्रांगद और विचित्रवीर्य| चित्रांगद नि:संतान मरे और विचित्रवीर्य को धृतराष्ट्र और पांडु नामक दो पुत्र उत्पन्न हुए| धृतराष्ट्र जन्मांध थे अत: राज्यगद्दी पांडु को प्राप्त हुई| धृतराष्ट्र के सौ पुत्र हुए जिनमें _____ सबसे बड़ा था| पांडु के क्रमशः युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव पांच पुत्र हुए| धृतराष्ट्र के पुत्र ____ तथा पांडु के पुत्र पांडव कहे जाते थे| अर्जुन _____ में, भीम मल्लयुद्ध में अद्वितीय थे| दुर्योधन पांडवों से ईर्ष्या रखता था| भीष्म ने इन राजकुमारों की शिक्षा-दीक्षा का उचित प्रबंध किया था| ____ उनके पितामह लगते थे|

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **_______ उनके पितामह लगते थे|**
**गद्यांश की पंक्ति में रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उपयुक्त शब्द होगा-**

**Ans**

✘ 1. शांतनु

✔ 2. भीष्म

✘ 3. पांडु

✘ 4. धृतराष्ट्र

FREE! Download SSC CGL, CHSL E-BOOKS CLICK HERE